श्री बंशीधर नगर, गुरुवार

10.09.2026

भाद्रपद कृष्णपक्ष चतुर्दशी संवत 2084

वर्ष : 05, अंक : 21

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.


डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



योजना चयन में उपयोगिता व स्थान को दें प्राथमिकता >> पेज 03 'राणाबाली' का धांसू टीजर रिलीज >> पेज 05


### सुविचार

आपकी कल्पनाशक्ति आपके जीवन के आने वाले आकर्षणों का पूर्वावलोकन है।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

### न्यूज अपडेट्स

## रील बनाने के दौरान वॉटरफॉल में डूबा छात्र

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध वृंदाहा वॉटरफॉल में बुधवार को नहाने के दौरान एक 14 वर्षीय छात्र गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी देर तक उसकी तलाश की, लेकिन देर शाम तक शव बरामद नहीं हो सका। बारिश तेज होने के कारण रेस्क्यू अभियान में भी परेशानी आई। गुरुवार को गोताखोरों की मदद से शव की तलाश दोबारा किए जाने की बात कही गई है। मृतक की पहचान बिहार के जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जहानाबाद स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के संचालक करीब छह बच्चों को लेकर पिकनिक मनाने वृंदाहा वॉटरफॉल पहुंचे थे। सभी बच्चे वाटरफॉल के समीप नहा रहे थे। इसी दौरान सागर एक चट्टान पर चढ़कर नहाने के साथ रील बना रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह चट्टान के नीचे स्थित गहरे पानी में जा गिरा। सागर के पानी में डूबते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तिलैया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से छात्र की तलाश शुरू कराई। तलाशी अभियान के दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे पानी का बहाव बढ़ गया और रेस्क्यू अभियान प्रभावित हुआ। काफी प्रयास के बावजूद छात्र का पता नहीं चल सका।

**श्रीबंशीधर नगर** ▶ श्री बंशीधर नगर की मुख्य सड़कें बनीं हादसों का जाल

# अनंत की सड़कों पर गड्ढे अनंता!

## दो-दो फीट तक गहरे गड्ढे में समा रहा विकास का दावा


नीलू चौबे


**श्री बंशीधर नगर :** सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क–श्री बंशीधर नगर की मुख्य सड़कों पर यह सवाल अब लोगों को परेशान नहीं करता, क्योंकि यहां सड़क ढूंढ़ना ही चुनौती बन चुका है। जगह-जगह उभरे छोटे-बड़े गड्ढे, बरसात में उनमें जमा पानी और कीचड़ तथा लगातार बिगड़ती सड़क की हालत ने शहर की यातायात व्यवस्था को बदहाल कर दिया है। कई गड्ढे करीब दो फीट तक गहरे हो चुके हैं। वाहन चालक जरा-सी चूक करें तो दुर्घटना तय है। विडंबना यह है कि इन सड़कों से रोज अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी गुजरना होता है। फिर भी गड्ढे जस के तस हैं। जनता सड़क पर गड्ढे गिन रही है और जिम्मेदार शायद फाइलों में विकास।

स्थानीय वाहन चालक अब इन गड्ढों को पहचान चुके हैं। कौन सा गड्ढा किस मोड़ पर है, कहां वाहन धीमा करना है और कहां बचकर निकलना है–रोज आने-जाने वाले लोग इसका हिसाब जानते हैं। लेकिन बाहर से आने वाले वाहन चालकों को इसका अंदाजा नहीं होता। खासकर बरसात में पानी भर जाने के बाद सड़क और गड्ढे के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। नतीजा, अचानक ब्रेक, वाहन का संतुलन बिगड़ना और दुर्घटना का खतरा।

### छोटे गड्ढों से बचोगे तो बड़े गड्ढे में गिरोगे



### सड़क खराब, जेब पर मार

सड़कों की बदहाली का असर सिर्फ दुर्घटनाओं तक सीमित नहीं है। लगातार गड्ढों से गुजरने के कारण वाहनों के टायर, सस्पेंशन और अन्य पुर्जों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। वाहन मालिकों का खर्च बढ़ रहा है। यानी सरकारी सड़क की मरम्मत नहीं हो रही, लेकिन उसकी कीमत जनता अपनी जेब से चुका रही है।

### स्टेशन रोड भी बेहाल, कब जागेगा सिस्टम?

शहर की स्टेशन रोड की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। यहां भी सड़क की हालत खराब है और गड्ढे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि यात्री बसों के चालक पुराने मार्ग से बचने लगे हैं और नए एनएच से होकर सफर करना अधिक सुविधाजनक मान रहे हैं।

श्री बंशीधर नगर केवल एक सामान्य कस्बा नहीं है। यह अनुमंडल मुख्यालय होने के साथ-साथ अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित महत्वपूर्ण शहर है। उत्तर प्रदेश की ओर से झारखंड में प्रवेश करते ही लोगों का सामना श्री बंशीधर नगर की सड़कों से होता है। देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लोग प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। वरिष्ठ अधिकारी, मंत्री और न्यायिक पदाधिकारी भी यहां पहुंचते हैं। इसके बावजूद शहर की मुख्य सड़कों की यह स्थिति व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करती है।

### एनएच की सड़क, फिर भी जिम्मेदारी किसकी?

स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित सड़क एनएच से जुड़ी है। ऐसे में सवाल उठता है कि सड़क की खराब स्थिति की निगरानी कौन कर रहा है? यदि मरम्मत की जिम्मेदारी किसी अन्य एजेंसी की है तो उसे ठीक कराने के लिए पहल कौन करेगा? जिम्मेदारी की गेंद विभाग से विभाग के बीच घूमती रहेगी या सड़क भी कभी बनेगी?

### यात्री बसों ने भी बदला रास्ता, नए एनएच से सफर करना ज्यादा सुरक्षित समझ रहे चालक

#### जनता पूछ रही है ये सवाल

- दो-छो फीट तक गहरे गड्ढे क्यों नहीं भरे गए?
- सड़क की नियमित निगरानी कौन करता है?
- मरम्मत की जिम्मेदारी किस विभाग की है?
- वाहन चालकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा?
- सत्ताधारी दल के विधायक के क्षेत्र में सड़कें कब सुधरेंगी?

#### स्पॉट अलर्ट!

**बरसात में गड्ढे बने अदृश्य खतरे**

पानी भरने के बाद गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगता। रात में खतरा और बढ़ जाता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति विशेष रूप से जोखिम भरी है।

#### एक नजर में

| | |
|---|---|
| **गड्ढे** | : कदम-कदम पर हर जगह |
| **गहराई** | : कई स्थानों पर करीब 2 फीट तक |
| **स्थिति** | : पानी + कीचड़ = छिपे गड्ढे |
| **असर** | : दुर्घटना का खतरा, वाहनों का बढ़ता खर्च |
| **स्टेशन रोड** | : बदहाल |
| **यात्री बसें** | : वैकल्पिक मार्ग की ओर |
| **जनता की मांग** | : तत्काल मरम्मत और जिम्मेदारी तय हो |

### जनता का सवाल : सत्ता में रहते एक सड़क भी नहीं सुधरवा पा रहे विधायक?



विधायक अनंत प्रताप देव की पार्टी झामुमो राज्य की सत्ता में है। ऐसे में क्षेत्र की जनता का सवाल सीधा है–सत्ताधारी दल के विधायक के क्षेत्र में मुख्य सड़कें इतनी बदहाल क्यों हैं?

जनता को भाषण नहीं, चलने लायक सड़क चाहिए। उसे आश्वासन नहीं, गड्ढामुक्त रास्ता चाहिए। सवाल सिर्फ इतना नहीं कि सड़क कब बनेगी, सवाल यह भी है कि इन गड्ढों की जिम्मेदारी कौन लेगा? बरसात खत्म होने का इंतजार किया जाएगा या दुर्घटना के बाद विभाग जागेगा? यह सवाल अब श्री बंशीधर नगर की जनता पूछ रही है।

## 29.2 प्रतिशत महिलाओं का वजन बेहद कम

# चिंताजनक : झारखंड की 11.7 प्रतिशत किशोरियां गर्भवती




**रांची।** झारखंड में करीब हर तीन में से एक महिला 29.2 प्रतिशत बेहद कम वजन की है, जबकि 16.9 प्रतिशत महिलाएं अधिक वजन और मेटाबॉलिक जोखिमों का सामना कर रही हैं। 20-24 वर्ष की 28 प्रतिशत महिलाओं का विवाह 18 वर्ष की उम्र से पहले हुआ, वहीं 11.7 प्रतिशत किशोरियां गर्भवती हैं या फिर मां बन चुकी हैं। यह चिंताजनक आंकड़े बुधवार को झारखंड सरकार और चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के संयुक्त सहयोग से रांची में आयोजित प्री कंसेप्शन केयर पर राज्यस्तरीय परामर्श बैठक में जारी किए गए। विशेषज्ञों ने इसे स्वास्थ्य, पोषण, परिवार नियोजन, शिक्षा और बाल संरक्षण कार्यक्रमों से जोड़कर राज्यस्तरीय दिशानिर्देश तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में विशेषज्ञों ने गर्भावस्था के साथ-साथ गर्भधारण से पहले की स्वास्थ्य देखभाल को स्वास्थ्य व्यवस्था का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे की नींव गर्भावस्था के दौरान नहीं, बल्कि उससे पहले रखी जाती है। किशोरावस्था से ही पोषण, एनीमिया की रोकथाम, मानसिक एवं प्रजनन स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली पर ध्यान देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। एनएचएम झारखंड के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है। समय पर स्क्रीनिंग, उचित उपचार, निरंतर परामर्श और फॉलोअप जरूरी है। सिनी के चीफ ऑफ प्रोग्राम्स मेघेंद्र बनर्जी ने कहा कि बेहतर गर्भावस्था परिणामों के लिए प्री कंसेप्शन केयर को लेकर जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिशा-निर्देश और कार्यान्वयन व्यवस्था की जरूरत है। बैठक में सिटी के समुदाय आधारित मॉडल, शोध साक्ष्य और झारखंड के अनुभव साझा किए गए।

## एक ही परिवार के 4 चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के राहत नगर पहाड़ी मुहल्ला में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए एक ही परिवार के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी गया सोना जैसा जेवर भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपितों में शगुफ्ता परवीन जुगनू, मुस्कान परवीन, समीर आलम और शानू आलम शामिल हैं। सभी आरोपित मूल रूप से अररुवा, हरिहरगंज के रहने वाले हैं और वर्तमान में शहर थाना क्षेत्र के कुण्ड मुहल्ला में किराये के मकान में रह रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सोना जैसा तीन जेवर बरामद किया है। इनमें करीब 6.730 ग्राम वजन की चैन सहित लॉकेट, करीब 2.760 ग्राम का कान का टॉप का एक जोड़ा और करीब 3.440 ग्राम वजन का एक अन्य जोड़ा टॉप शामिल है।

# एसआईआर अंतर्गत सुनवाई के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए लागू होगा टोकन सिस्टम



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। ऑनलाइन बैठक में उप विकास आयुक्त संजय कुमार भगत, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस आस्था शरण सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ, एईआरओ एवं एडिशनल ईआरओ उपस्थित थे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा-आपत्ति की सुनवाई, नोटिस वितरण, फॉर्म-6 के डिजिटाइजेशन और ईआरओ और एईआरओ स्तर पर प्रपत्रों के निष्पादन की विधानसभावार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने दावा-आपत्ति की सुनवाई के दौरान टोकन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुनवाई स्थल पर भीड़ का सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए और दिव्यांग, बुजुर्ग एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्या वाले मतदाताओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुनवाई के दौरान प्राप्त सभी आवश्यक दस्तावेजों का समुचित डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। भजन्त्री ने बीएलओ स्तर पर फॉर्म-6 के डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिया। साथ ही फॉर्म-6 और फॉर्म-8 से संबंधित प्रपत्रों के ईआरओ, एईआरओ स्तर पर निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ को निर्देशित किया कि दावा-आपत्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई एवं नोटिस वितरण की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दावा-आपत्ति की सुनवाई के दौरान अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्राप्त दस्तावेजों एवं दावों की नियमानुसार जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी एईआरओ को नजरी नक्शे के अनुसार संबंधित बूथ भ्रमण का निर्देश दिया। बैठक में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब और चुनावी पाठशाला के संचालन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

## न्यूज अपडेट्स

### रांची में जर्जर पानी की टंकी अचानक ढही, एक की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना परिसर के पीछे मंगलवार की शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बनी पुरानी और जर्जर पानी की टंकी अचानक भरभराकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना में एक मजदूर की दबने से मौत हो गई। इधर, टंकी के ध्वस्त होते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी कि मलबे के अंदर एक और मजदूर दबा हो सकता है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम की टीम भी बुलाई गई। जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया, ताकि पता चल सके कि मलबे के नीचे कोई व्यक्ति दबा है या नहीं। पुलिसकर्मी और नगर निगम के कर्मचारी लगातार मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि दो मजदूरों के अंदर दबे होने की सूचना मिली है। इसमें से एक मजदूर का शव बरामद हुआ है। खबर लिखे जाने तक जेसीबी सहित सभी जरूरी संसाधन लगाकर मलबा हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कोतवाली थाना के पीछे काफी पुरानी पानी की टंकी बनी हुई थी। लंबे समय से देखरेख के अभाव और पुराना होने के कारण उसकी हालत जर्जर हो चुकी थी। मंगलवार की शाम अचानक टंकी का ढांचा कमजोर पड़ गया, भरभराने लगा और देखते ही देखते पूरी संरचना जमीन पर आ गिरी।

## सियासत सुदिव्य सोनू पर दिया गया बयान घोर निंदनीय : झामुमो

# मानवता को शर्मशार कर रहे हैं गढ़वा विधायक

### सीबीआई के नाम पर छात्रों को गुमराह कर रही भाजपा

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी है। वे लगातार मानवता को शर्मशार करने वाला बयान दे रहे हैं। विधायक सस्ती लोकप्रियता पाने एवं बेवजह सुर्खियों में बने रहने के लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं। झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर विधायक श्री तिवारी ने जो बयान दिया है इसने मानवता को तार-तार कर दिया है। ऐसे बयान देने में उन्हें तनिक भी शर्म महसूस नहीं होती है। उनका यह बयान घोर निंदनीय है। झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू राम ने बुधवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। शंभू राम ने कहा कि राजनीति और मानवता अलग-अलग विषय हैं। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन मृत व्यक्ति के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने विधायक पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और सुर्खियों में बने रहने के लिये बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुये दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छात्र और जनता इसका लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिये तैयार है। उन्होंने टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों की उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठाया और विपक्षी नेताओं पर भीड़ जुटाने का आरोप लगाया। झामुमो केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान ने विधायक पर क्षेत्र और जनता के लिये काम करने के बजाय अनर्गल बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि विधायक स्वयं को जनता का हितैषी मानते हैं तो अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों का ब्योरा जनता के सामने रखें। जिला सचिव शरीफ अंसारी ने विधायक पर मुखिया के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये कहा कि इसका जवाब मुखिया देंगे। उन्होंने कहा कि जनता आने वाले समय में अपना निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से देगी। प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय सदस्य तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, उपाध्यक्ष फरीद खान, संजय कांस्यकार, मो अहमद अली, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हरिओम यादव, प्रवक्ता सुजीत चंद्रवंशी, प्रियम सिंह, दिलीप कुमार, नसीम अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के इस्तेमाल की तैयारी

**रांची।** झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, समयबद्ध और तकनीक आधारित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। बैठक में एआई असिस्टेंट और एआई फैमिली डॉक्टर विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव ने दोनों प्लेटफॉर्म के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया। प्रस्तावित एआई असिस्टेंट स्वास्थ्य कर्मियों के डिजिटल सहायक के रूप में काम करेगा। इसके माध्यम से कर्मियों को उनके कार्य, समय, स्थान, संबंधित लोगों, आवश्यक संसाधनों और तैयारियों से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ रिमाइंडर और अलर्ट भी दिए जा सकेंगे। उदाहरण के तौर पर किसी सहिया को टीकाकरण अभियान की तारीख और स्थान के साथ संबंधित क्षेत्र में टीकाकरण किए जाने वाले बच्चों की संख्या तथा जरूरी तैयारियों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे स्वास्थ्य कर्मियों के कामकाज को अधिक व्यवस्थित और समयबद्ध बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, एआई फैमिली डॉक्टर आम लोगों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सहायक के रूप में काम करेगा। मरीज की ओर से बताई गई समस्या के आधार पर यह संभावित बीमारी और आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि एआई की ओर से सुझाई गई किसी दवा को तब तक चिकित्सकीय सलाह नहीं माना जाएगा, जब तक उसे पंजीकृत चिकित्सक की मंजूरी प्राप्त न हो। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल को लेकर इस व्यवस्था को महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रावधान माना गया है। एआई फैमिली डॉक्टर को शुरूआती चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की योजना है।

## सवर्ण एकता मंच की जनसभा में समानता और समान अवसर की उठी आवाज

# सभी वर्गों को समान अवसर मिलना चाहिये

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल मैदान में बुधवार को सवर्ण एकता मंच के बैनर तले एक दिवसीय जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में भारतीय संविधान के अनुरूप समानता, समान शिक्षा, समान अवसर और सवर्ण समाज के न्यायोचित हितों की रक्षा की मांग को लेकर समाज के लोगों ने आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में काफी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल हुये। जनसभा को संबोधित करते हुये मंच के पदाधिकारियों ने समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित समानता और न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप सभी वर्गों को समान अवसर मिलना चाहिये। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिये एकजुट रहने का आह्वान किया। जनसभा के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग जुलूस के रूप में टाउन हॉल मैदान से समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। जुलूस के समाहरणालय पहुंचने के बाद मंच की ओर से 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र डीसी के माध्यम से सौंपा। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांगें संविधान में निहित समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज के न्यायोचित हितों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जायेगा। मौके पर सवर्ण एकता मंच के राजेश कुमार चौबे, जितेंद्र कुमार सिंह, अंजनी तिवारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, पवन सिंह, अजय सिंह, परशुराम उपाध्याय, अवधेश चौबे, राजेश चौबे, आनंद मोहन तिवारी, ब्रजेन्द्र पाठक, भूषण कुमार देव, अमरेंद्र कुमार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, आशीष चौबे, शंकर सिंह, कमलेश पांडेय सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## जेपीएससी भर्ती धांधली मामले में अभय तिवारी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से जुड़ी भर्ती परीक्षा में कथित धांधली के मामले में जेल में बंद आरोपित अभय तिवारी को अदालत से राहत नहीं मिली। सीआईडी कांड संख्या 16/2026 में आरोपित अभय तिवारी की जमानत याचिका सीआईडी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी। मंगलवार को अदालत में जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गई थीं। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान सीआईडी ने अभय तिवारी की जमानत का कड़ा विरोध किया। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि अभय तिवारी मामले में कथित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला आरोपित है और ऐसे नेटवर्क से जुड़ा था, जिसके माध्यम से परीक्षा एवं नियुक्ति में कथित गड़बड़ी की गई। सीआईडी के अनुसार, अभय तिवारी टीडीपीएल कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि इसी दौरान उसने अपने रिश्तेदारों सहित कई अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लिए। जांच के दौरान ऐसे लोगों के संबंध में जानकारी सामने आने का दावा किया गया है, जिनसे कथित तौर पर पैसे लेकर नियुक्ति में मदद करने की बात कही गई थी। सीआईडी ने अदालत में यह भी दलील दी कि जमानत पर रिहा होने की स्थिति में अभय तिवारी जांच को प्रभावित कर सकता है और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की कोशिश कर सकता है। एजेंसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज करने का आग्रह किया। अदालत ने मामले की गंभीरता और सीआईडी की दलीलों पर विचार करते हुए अभय तिवारी को फिलहाल जमानत नहीं दी। जमानत याचिका खारिज होने के बाद उसकी न्यायिक हिरासत जारी रहेगी। इससे पहले सीआईडी की विशेष अदालत जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांग्ते की जमानत याचिका भी खारिज कर चुकी है।

## के.सी. वेणुगोपाल से मिले इरफान अंसारी, एसआईआर-एमएमडीआर समेत झारखंड के मुद्दों पर हुई चर्चा



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड से जुड़े विभागीय और संगठनात्मक विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी और चर्चा की। इरफान अंसारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुलाकात के दौरान झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों, स्वास्थ्य व्यवस्था में हो रहे बदलावों और जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी वेणुगोपाल को दी गई। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और उनकी प्रगति से भी अवगत कराया। बैठक में एसआईआर को लेकर आम लोगों में बढ़ती चिंता, परेशानी और आक्रोश का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा एमएमडीआर से जुड़े विषयों, विभिन्न जिलों में कांग्रेस की ओर से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर संगठन की गतिविधियों की भी जानकारी साझा की गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वेणुगोपाल ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संगठन तथा जनहित से जुड़े मामलों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। मुलाकात के बाद इरफान अंसारी ने कहा कि वेणुगोपाल का मार्गदर्शन और विश्वास हमेशा मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने झारखंड के हित और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम जारी रखने की बात कही। बैठक में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मंजूर अंसारी भी मौजूद थे।



# पैदल गांव पहुंचे बीडीओ, जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बंशीधर न्यूज

**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने लोका, मझगावां और बरछाबांध क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिये। बीडीओ के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। भ्रमण के दौरान बरछाबांध की गलियों और सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुये बीडीओ ने बदहाल सड़कों को ग्राम सभा के माध्यम से तत्काल योजनाओं में शामिल करने का निर्देश दिया। नई जगहों पर मिट्टी-मोरम तथा पुरानी सड़कों पर जीएसबी सड़क निर्माण कराने की बात कही गई। इस दौरान आपसी विवाद के कारण ग्रामीणों द्वारा घेरे गये रास्ते का भी बीडीओ ने स्थल निरीक्षण किया। दोनों पक्षों को समझाकर उन्होंने विवाद का समाधान कराया तथा रास्ते से अवरोध हटवाकर उसे तत्काल चालू कराया। बीडीओ ने एक प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी विद्यालय में शिक्षक और छात्र उपस्थित नहीं मिले। ग्रामीणों की शिकायत पर उन्होंने संबंधित शिक्षक को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं। इसलिये उन्हें अपने दायित्वों के प्रति गंभीर रहकर समय पर विद्यालय पहुंचना चाहिये। वहीं आहर की मेड़ बांधने से एक ग्रामीण के धान के खेत में पानी भर जाने की शिकायत भी सामने आई। बीडीओ ने मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकान के कारण प्लास्टिक की झोपड़ी में रहने वाले एक पीड़ित व्यक्ति की समस्या सुनकर उन्होंने आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने के लिये तत्काल आवेदन देने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि प्रशासनिक व्यस्तताओं के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जन चौपाल और क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे समझकर कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अडेट्स

### छात्रों को आगे कर राजनीति न करे भाजपा : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर :** भाजपा द्वारा छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ किये गये प्रदर्शन पर झारखंड कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव सह पूर्व जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति अब ह्यएक आंख में सुरमा और दूसरी में काजलह्न वाली हो गई है। भाजपा को छात्रों के भविष्य को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय उनके हितों की चिंता करनी चाहिये। बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो सरकार गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। छात्रों को राजनीतिक मोहरा बनाकर सड़क पर उतारना उचित नहीं है। उन्होंने भाजपा नेताओं से सवाल किया कि केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर उठने वाले सवालों पर उन्होंने कितनी बार इसी गंभीरता से आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा और छात्र राज्य का भविष्य हैं। उनके हितों से किसी भी दल को खिलवाड़ नहीं करना चाहिये। सरकार नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

## कांडी — डीडीसी ने कांडी प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# योजना चयन में उपयोगिता व स्थान को दें प्राथमिकता

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** डीडीसी प्रेमलता मुर्मू ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों से प्रखंड में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने मनरेगा के बीपीओ तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर से संचालित योजनाओं की स्थिति, प्रगति एवं क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी हासिल की। उन्होंने योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। इसके बाद डीडीसी प्रेमलता मुर्मू राणाडीह पंचायत पहुंचीं, जहां उन्होंने 15 वें वित्त आयोग सहित अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी योजना का चयन करते समय उसकी उपयोगिता और स्थानीय जरूरत को प्राथमिकता दी जानी चाहिये, ताकि सरकारी राशि का वास्तविक लाभ ग्रामीणों को मिल सके। औचक निरीक्षण के क्रम में डीडीसी भंडरिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी पहुंचीं। वहां उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के नियमित रूप से संचालित नहीं होने तथा भवन निर्माण पूरा होने के बावजूद नवनिर्मित भवन से केंद्र का संचालन नहीं किये जाने की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि यदि नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र उसी पोषण क्षेत्र के अंतर्गत आता है, तो उसी भवन में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने संबंधित कर्मियों से स्थिति की जानकारी लेते हुये व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये।

डीडीसी ने मोहम्मदगंज बराज पहुंचकर वहां की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये संबंधित लोगों एवं कर्मियों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने तथा किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीडीओ राकेश सहाय, मनरेगा बीपीओ कमलेश, 15 वें वित्त के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उमंग पांडेय, प्रधानमंत्री आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शुभम कुमार, मनरेगा लेखापाल धीरज पाण्डेय, राणाडीह पंचायत के रोजगार सेवक मानस सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## नीट पेपर लीक पर चुप भाजपा अब झारखंड की परीक्षाओं पर क्यों कर रही हंगामा : राजेंद्र

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** जेपीएससी, जेएसएससी एवं संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग किये जाने पर झामुमो के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा को वास्तव में विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता है, तो उसे केंद्र सरकार के अधीन होने वाली परीक्षाओं में सामने आये अनियमितता और प्रश्नपत्र लीक के मामलों पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। राजेंद्र सिन्हा ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले का हवाला देते हुये कहा कि जब देशभर में इस मामले को लेकर सवाल उठे, तब भाजपा नेताओं ने उतनी गंभीरता क्यों नहीं



दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विद्यार्थियों के मुद्दे को राजनीतिक हथियार बनाकर राज्य सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी, जेएसएससी और सीजीएल से जुड़े मामलों की जांच चल रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। ऐसे में जांच पूरी होने से पहले सीबीआई जांच की मांग करना राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**मोहम्मदगंज :** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर शाम दर्दनाक हादसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना प्लेटफॉर्म संख्या-4 के समीप हुई। मृतक की पहचान गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड निवासी विंदेश्वर मेहता के पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक रेल पटरी पर लेटा हुआ था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर उसका बैग भी बरामद हुआ। प्रथम द्दष्टया घटना आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पंचायत परामर्श यात्रा में ग्रामीणों से रूबरू हुये पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी




**हैदरनगर :** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने पंचायत परामर्श यात्रा के तहत हैदरनगर प्रखंड की हैदरनगर पश्चिमी, इमामनगर बारेवा, बभांडीह और मोकहर कला पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों व सरकार के स्तर पर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने हैदरनगर स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा देने की मांग प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि हैदरनगर और मोहम्मदगंज क्षेत्र की एक लाख से अधिक आबादी को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिये 10 से 20 किलोमीटर दूर हुसैनाबाद जाना पड़ता है। गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलने से कई बार रास्ते में ही उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है। इस पर केएन त्रिपाठी ने कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर हैदरनगर स्वास्थ्य केंद्र को सीएचसी का दर्जा देने का मामला मजबूती से उठाएंगे। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, रोजगार और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। लोगों ने प्रखंड और अंचल कार्यालयों में छोटे-छोटे कार्यों के लिये बार-बार चक्कर लगाने की शिकायत की। जेएसएलपीएस की महिला कर्मियों ने कम मानदेय का मुद्दा उठाते हुये पूर्व मंत्री को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। कर्मियों ने बताया कि वे पिछले दस दिनों से हड़ताल पर हैं। त्रिपाठी ने उनसे काम पर लौटने की अपील करते हुये कहा कि वर्तमान समय में किसी भी कर्मी का मानदेय दस हजार रुपये से कम नहीं होना चाहिये। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष उनकी मांगें रखने और समाधान के लिये हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, समाजसेवी सज्जू खान, राजू खान, तबरेज खान, जगदीश राम सहित जेएसएलपीएस की महिला कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जन समाधान दिवस में 10 मिनट में बना जाति प्रमाण-पत्र, सेना में चयन की राह हुई आसान



**मेदिनीनगर :** जन समाधान दिवस में डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एक युवक की समस्या का त्वरित समाधान करते हुये महज 10 मिनट में जाति प्रमाण-पत्र बनवाकर उसे सौंप दिया। विश्रामपुर प्रखंड के रेहला अंतर्गत पांडेयपुर गांव निवासी 20 वर्षीय हुसैन अंसारी भारतीय सेना में तकनीकी पद पर चयन के लिये शॉर्टलिस्ट हुये हैं। आगामी 10 सितंबर को रांची में उनका अंतिम दस्तावेज सत्यापन होना है, जिसके लिये जाति प्रमाण-पत्र आवश्यक था। हुसैन अंसारी ने डीसी को बताया कि उन्होंने प्रमाण-पत्र के लिये पूर्व में आवेदन किया था, लेकिन प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं होने के कारण सेना में चयन की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये डीसी ने तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। इसके बाद करीब 10 मिनट में प्रमाण-पत्र तैयार कर डीसी ने अपने कार्यालय कक्ष में हुसैन अंसारी को सौंप दिया। प्रमाण-पत्र मिलने पर हुसैन अंसारी ने राहत व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। डीसी ने उन्हें भारतीय सेना में चयन और उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं। जन समाधान दिवस में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता, प्रधानमंत्री आवास योजना, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा एवं कल्याण से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुये। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिये।

## बीडीओ ने प्लस टू कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ किया संवाद

# मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की दी जानकारी

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और नये मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के उद्देश्य से इन दिनों विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में बीडीओ राकेश सहाय ने प्लस टू कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। संवाद के दौरान बीडीओ



राकेश सहाय ने छात्रों को बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिये विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत फॉर्म-6 के माध्यम से नये मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन युवाओं की उम्र 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही है अथवा जो पहले ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिये फॉर्म-6 भर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि पात्र युवा स्वयं जागरूक हों और अपने आसपास के ऐसे युवाओं को भी मतदाता पंजीकरण के लिये प्रेरित करें, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। बीडीओ ने कहा कि मतदाता बनना केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। युवा वर्ग लोकतंत्र की मजबूत नींव है और अधिक से अधिक पात्र युवाओं का मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करेगा। विद्यालय में आयोजित इस संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने भी मतदाता पंजीकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त की और प्रक्रिया को लेकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। प्रशासन की ओर से युवाओं से अपील की गई कि पात्रता पूरी करने वाले सभी युवा समय रहते फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं।

# युवाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष जारी रहेगा : देवेन्द्र नाथ



### भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा पहुंची श्री बंशीधर नगर, युवा नेता देवेंद्र नाथ महतो ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर निकाली जा रही भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा बुधवार को श्री बंशीधर नगर पहुंची। यात्रा की अगुवाई कर रहे युवा नेता देवेंद्र नाथ महतो ने सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर पहुंचकर श्री बंशीधर जी का दर्शन-पूजन कर मनवांछित फल की कामना की। मंदिर पहुंचने पर स्थानीय युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान युवाओं ने जब-जब कांपा है सिंहासन, तब-तब आया है इंकलाब सहित विभिन्न नारों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। उस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुये देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि भर्ती व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं और कथित भर्ती घोटाले के खिलाफ युवाओं की आवाज को बुलंद करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि वे राज्य के सभी जिलों में जाकर युवाओं से संवाद कर रहे हैं और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटाले और नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं के विरोध में वे रांची में कई दिनों तक भूख हड़ताल पर भी बैठे थे। उनका कहना था कि राज्य के हजारों मेधावी युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के बाद भी रोजगार के इंतजार में बैठे हैं। जबकि दूसरी ओर पैसे के बल पर नौकरी मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे युवाओं में सरकार और भर्ती व्यवस्था के प्रति निराशा एवं आक्रोश बढ़ रहा है। श्री महतो ने कहा कि युवाओं को उनका अधिकार दिलाने और भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिये संघर्ष जारी रहेगा। जब तक भर्ती व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं किया जाता, तब तक भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा और उनका अभियान जारी रहेगा। उस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवा मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 48 घंटे में गैस एजेंसी चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**हैदरनगर :** भाई बिगहा स्थित भारत गैस एजेंसी में हुई करीब 2.59 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। हुसैनाबाद के एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त स्थानीय ब्लॉक रोड निवासी शमीम खान (41) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके घर के समीप बालू में छिपाकर रखे 2,43,250 रुपये बरामद किये। घटना 6 सितंबर की रात हुई थी। शिकायत पर हैदरनगर थाना कांड संख्या 67/2026 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

### नवविवाहिता की मौत, हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप

मेदिनीनगर। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के रेडमा चौक पर एक नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला का शव फंदे पर लटका मिला। उसकी शादी 10 माह पूर्व हुई थी। मायके के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। उसकी पहचान रेडमा चौक निवासी वैष्णवी देवी पति सूरज गुप्ता के रूप में हुई है। घटना के समय पति निजी अस्पताल में किसी परिचित को खाना देने गए थे। बुधवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**कार्रवाई**

## मिलावटी मिठाईयों पर चला खाद्य विभाग का डंडा

# भंडरिया में 50 किलो मिठाइयां नष्ट, चेतावनी

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा के निर्देश पर चलाये गये अभियान में खाद्य प्रतिष्ठानों, किराना दुकानों, होटलों और फूड कॉर्नरों की जांच की गई। इस दौरान भंडरिया में करीब 50 किलो संदिग्ध एवं मिलावटी मिठाइयां मौके पर ही नष्ट कराई गईं। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा-3 किरण हेम्ब्रोम ने श्री बंशीधर नगर प्रखंड के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच की। उन्होंने दुकानदारों को एफएसएसएआई की सूची में शामिल नियम विरुद्ध एवं प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री और भंडारण नहीं करने की चेतावनी दी। वहीं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा-4 रोहित कुमार के नेतृत्व में भंडरिया बाजार में अभियान चलाया गया। टीम ने किराना दुकानों, होटलों और फूड कॉर्नरों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची। रोहित कुमार ने दुकानदारों को प्रतिबंधित रंग और मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल नहीं करने तथा साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा-1 दीप श्री के नेतृत्व में गढ़वा शहर में भी जांच की गई। बस स्टैंड क्षेत्र के लाल भंडार, जितेंद्र प्रसाद किराना भंडार, ऋत्विक नमकीन एंड जनरल स्टोर, बीरेंद्र जनरल स्टोर, गोलू चाय दुकान, शमशाद जनरल स्टोर और अयान पान दुकान एवं जनरल स्टोर आदि में कार्रवाई की गई। यहां से किंडर जॉय, लोटे चोको पाई, कैंपा एनर्जी, रेड बुल और मॉन्स्टर एनर्जी ड्रिंक समेत अन्य सामग्री मिलने पर उसे नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को लाईसेंस लेकर ही व्यवसाय करने और प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया। उपस्थित खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों किरण हेम्ब्रोम, रोहित कुमार और दीप श्री ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## सहायक उपकरण दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में बनेंगे सहारा : वीडी राम

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास एवं अनुशंसा से बुधवार को सदर प्रखंड मेदिनीनगर परिसर में केंद्र सरकार की एडीआईपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में सदर मेदिनीनगर, पाटन, विश्रामपुर, सतबरवा, पड़वा, पांडु, उंटारी रोड, नावाबाजार एवं रामगढ़ प्रखंड के लाभुक शामिल हुये। सांसद श्री राम ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक समाज के अभिन्न अंग हैं। उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर दैनिक जीवन को सुगम बनाने के साथ आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत नौ सौ छियासठ लाभार्थियों के लिये तीन हजार नौ सौ सत्ताईस उपकरण उपलब्ध कराये गये। इनमें एडीआईपी योजना के तहत चार सौ चौदह लाभुकों को सात सौ पैंतालीस तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत पांच सौ बावन लाभुकों को तीन हजार एक सौ बयासी उपकरण दिये गये। इनमें मोटर चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, रोलाटर, ब्रेल किट और वॉकिंग स्टिक सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। मौके पर प्रफुल्ल कुमार सिंह, विजय ओझा, बसंती देवी, जागो महतो, अलख दुबे, सुनील पाण्डेय, भोला पाण्डेय और शुभक तिवारी समेत एलिमको के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभुक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

**भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा पहुंची गढ़वा**

# छात्रों ने कंधे पर बैठाकर देवेंद्र को घुमाया शहर

बंशीधर न्यूज टीम





**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा :** जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच के बैनर तले आयोजित भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा बुधवार को श्री बंशीधर नगर पहुंची। यहां बस स्टैंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये आंदोलन के प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि युवाओं को उनका अधिकार दिलाने और भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिये संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक भर्ती व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं किया जाता, तब तक भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा और उनका अभियान जारी रहेगा। उस मौके पर बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे। उधर गढ़वा संवाददाता के अनुसार जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच के बैनर तले आयोजित भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा बुधवार को गढ़वा पहुंची। यहां छात्र-नौजवानों ने भव्य स्वागत किया। इस आंदोलन के प्रमुख देवेंद्र महतो का छात्रों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुये उन्हें कंधे पर बैठाकर शहर में घुमाया। यह यात्रा रंका मोड़ से शुरू होकर मेन रोड होते हुये मझिआंव मोड़ तक गई। इसके बाद टाउन हॉल के समीप गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। मौके पर श्री महतो ने कहा कि इस आंदोलन में छात्र चट्टानी एकता के साथ खड़े हैं। इस छात्र आंदोलन से छात्रों की जीत हुई है। भर्ती व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक 32 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिर भी यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारी मांगों पर कोर्ट से मुहर नहीं लगती है। इस आंदोलन के माध्यम से सीआईडी जांच टीम, सरकारी वकील सहित सभी को आईना दिखाना जरूरी है। छात्रों को न्याय मिले, यही हम चाहते हैं। 15 सितंबर को कोर्ट की कार्रवाई को देखते हुये 11 सितंबर को यात्रा का समापन किया जायेगा। श्री महतो ने समापन के मौके पर अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचने की अपील की है।

### बिमला ने एसआईआर की समय-सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर करने की मांग



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निर्धारित अंतिम तिथि 14 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिये सुबह से ही निर्धारित केंद्रों पर पहुंच रहे हैं और उन्हें घंटों लंबी कतार में खड़े रहना पड़ रहा है। बिमला कुमारी ने कहा कि कई केंद्रों पर अत्यधिक भीड़ के कारण लोगों को अपनी बारी के लिये लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी लोगों को भी घंटों समय गंवाना पड़ रहा है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में योग्य लोगों की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी होना जरूरी है, लेकिन इसके लिये आम लोगों को पर्याप्त समय और सुविधाएं मिलना भी उतना ही आवश्यक है। यदि निर्धारित समय-सीमा नहीं बढ़ाई गई तो अनेक पात्र मतदाता आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने से वंचित रह सकते हैं। इसका असर भविष्य में उनके मताधिकार पर पड़ सकता है।

### क्लैट से एलएलबी और बार काउंसिल परीक्षा तक स्नेहा की शानदार कामयाबी



**हैदरनगर :** केताल गांव निवासी समाजसेवी सतीश चौबे ने हैदरनगर निवासी पत्रकार जयनंदन पाण्डेय की पुत्री स्नेहा पाण्डेय को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्नेहा ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से कानून के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी सफलता से परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। स्नेहा पाण्डेय ने वर्ष 2021 में कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट उत्तीर्ण कर कानून की पढ़ाई के लिए पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। उन्होंने उत्तराखंड विश्वविद्यालय से वर्ष 2026 में पांच वर्षीय एलएलबी की पढ़ाई सफलता पूर्वक पूरी की। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2026 में ऑल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा भी उत्तीर्ण की। परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद उन्होंने झारखंड बार काउंसिल में अपना पंजीकरण कराया है। कानून के क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल करने की अपनी इच्छा को आगे बढ़ाते हुए स्नेहा ने देहरादून में एलएलएम (मास्टर ऑफ लॉ) में भी नामांकन कराया है। कानून की पढ़ाई के साथ लगातार आगे बढ़ने की उनकी कोशिश क्षेत्र के युवाओं के लिये प्रेरणादायक बनी है। सम्मान समारोह में समाजसेवी सतीश चौबे ने स्नेहा की उपलब्धियों की सराहना करते हुये कहा कि प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर छोटे क्षेत्र से निकलने वाले युवा भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने स्नेहा को आगे की पढ़ाई और करियर के लिये शुभकामनाएं देते हुये कहा कि वह कानून के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएं और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिये भी कार्य करें। स्नेहा की सफलता पर उनके पिता पत्रकार जयनंदन पाण्डेय के परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जताई है। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्नेहा ने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं के सामने शिक्षा, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### नशे और साइबर अपराध से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक


**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश के आलोक में भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवका भंडरिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बाल विवाह निषेध और बाल श्रम उन्मूलन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, बाल तस्करी तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से बचाव के उपाय बताये। विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें समझाया गया कि किसी विपरीत परिस्थिति में डरने या चुप रहने के बजाय तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम में लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान की सीएसडब्ल्यू पूर्णिमा कच्छप ने बच्चों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी बच्चे के संकट में होने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के टोल फ्री नंबर 15100 की मदद ली जा सकती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को बाल एवं महिला सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम, नशे के दुष्परिणाम, साइबर अपराध से बचाव और बच्चों के अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ और सुरक्षित जीवन अपनाने के लिये प्रेरित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नितेश कुमार वर्मा, प्रभु दयाल मिंज, जवाहर सिंह, किरण बाला सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## 'वॉटरमैन' साइमन ओरांव की कहानी अब पर्दे पर, झारखंड में हुई शूटिंग

कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिन्हें पर्दे पर दिखाने के लिए सिर्फ सेट पर शूट करना काफी नहीं होता। ऐसी ही एक कहानी है झारखंड के 'वॉटरमैन' के नाम से मशहूर पद्मश्री सम्मानित साइमन ओरांव की। उनकी जिंदगी से प्रेरित माइक्रो-ड्रामा 'वॉटरमैन' की शूटिंग झारखंड में ही की गई, ताकि उनकी कहानी से जुड़े प्राकृतिक माहौल, ग्रामीण परिवेश और उस जमीन को पर्दे पर सही तरीके से दिखाया जा सके, जहां उन्होंने अपने जीवन में पानी की समस्या से लड़ने का काम किया। इस शो में साइमन ओरांव की भूमिका जोहेब सिद्दीकी ने निभाई है। कहानी एक ऐसे गांव की है, जहां सूखे की वजह से लोग बेहतर जिंदगी की तलाश में अपना घर छोड़ने लगते हैं। साइमन अपनी जमीन छोड़ने के बजाय पानी बचाने का रास्ता तलाशते हैं। वह बारिश के पानी को रोकने और उसे खेतों तक पहुंचाने के लिए काम शुरू करते हैं। शूटिंग के दौरान टीम ने खुद साइमन ओरांव से मुलाकात की और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। जब उनसे उनकी उपलब्धियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेहद सादगी से कहा, कहां, ये सब तो भगवान की देन है। कहानी को पर्दे पर वास्तविक बनाने के लिए कलाकारों ने पानी की नहर बनाने वाले दृश्यों की शूटिंग के दौरान खुद मिट्टी खोदने का काम भी किया। 'वॉटरमैन' में झारखंड का सूखा और पथरीला इलाका भी कहानी का अहम हिस्सा है। साइमन बारिश के पानी की दिशा को समझकर उसे खेतों तक पहुंचाने की योजना बनाते हैं और इसके लिए स्थानीय लोगों को साथ जोड़ते हैं। उनका मानना है कि पानी की जरूरत और उसके महत्व को समझकर ही सामूहिक रूप से बदलाव लाया जा सकता है। कुकू टीवी ने माइक्रो-ड्रामा के माध्यम से साइमन ओरांव की कहानी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश की है। जोहेब सिद्दीकी अभिनीत 'वॉटरमैन' अब कुकू टीवी ऐप पर स्ट्रीम हो रहा है।

## 'राणाबाली' का धांसू टीजर रिलीज, विजय-रश्मिका के किरदारों ने खींचा ध्यान



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राणाबाली' का दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी यह पीरियड फिल्म भारतीय इतिहास के एक ऐसे दौर की कहानी पर्दे पर लाने का दावा करती है, जिसे लंबे समय तक भुला दिया गया। फिल्म में विजय रायालसीमा की धरती से जुड़े 'राणाबाली' के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रश्मिका उनकी पत्नी और संघर्ष की साथी जायम्मा की भूमिका निभा रही हैं। हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वॉस्लू फिल्म में अत्याचारी अंग्रेज सर थियोडोर हेक्टर का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी 1876-1878 के दौरान मद्रास और दक्षिण भारत में पड़े भीषण अकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस दौर में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी और औपनिवेशिक नीतियों को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है। 'राणाबाली' इसी त्रासदी और उसके बाद संघर्ष से उभरते भारत की कहानी को सामने लाने की कोशिश करती है। टीजर में उस दौर की भयावह परिस्थितियों के साथ लोगों के संघर्ष और फिर उठ खड़े होने की झलक दिखाई गई है। फिल्म में रायालसीमा की संस्कृति, भाषा, लैंडस्केप और स्थानीय अंदाज को खास प्रामाणिकता के साथ पेश करने की कोशिश की गई है। राहुल संकृत्यायन के निर्देशन में बनी 'राणाबाली' में विजय और रश्मिका एक बार फिर साथ नजर आएंगे, लेकिन इस बार दोनों का अवतार पहले से बिल्कुल अलग और ज्यादा रॉ बताया जा रहा है। फिल्म के टीजर को अजय-अतुल के दमदार संगीत ने और प्रभावशाली बनाया है। फिल्म अच्छाई और बुराई के संघर्ष तथा बुराई पर अच्छाई की जीत की थीम को भी सामने रखती है। बड़े पैमाने पर तैयार की गई यह फिल्म अक्टूबर में फेस्टिव सीजन के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होने की तैयारी में है।



## निजारी इस्माइली समुदाय के आध्यात्मिक नेता प्रिंस रहीम आगा खान पंचम 9 से 15 सितंबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे

## पंच परिवर्तन के माध्यम से देश और समाज को जोड़ने का काम करेगा संघ

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने बुधवार को कहा कि संघ की स्थापना देश और समाज के लिए अच्छा करने तथा भारत को बड़ा बनाने के उद्देश्य से हुई है। संघ ने अपनी 100 वर्ष की यात्रा में अनेक पाबंदियों, विरोध और झंझावातों का सामना किया, लेकिन कभी विचलित नहीं हुआ। संघ सकारात्मक सोच के साथ निरंतर राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा है। सरस्वती शिशु मंदिर, पक्कीबाग में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गोरखपुर महानगर की ओर से आयोजित ह्युवा उद्यमी संवादह्न कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विभाग कार्यवाह संजय और कार्यक्रम अध्यक्ष समीक्षक रामानी ने दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए रामलाल ने कहा कि संघ ने स्थापना काल से ही उपहास और उपेक्षा का सामना किया है। यही कारण है कि संघ विरोध और उपेक्षा से घबराने के बजाय अपने उद्देश्य के प्रति और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि देश में जब भी कोई विपत्ति आती है, संघ का स्वयंसेवक सबसे पहले सेवा के लिए पहुंचता है। संघ के इस सेवा भाव की समाज के सभी वर्गों में सराहना होती है। उन्होंने कहा कि संघ सदैव वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ कार्य करता है। शताब्दी वर्ष में संघ के संपर्क अभियान के दौरान अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है। इनमें विभिन्न धर्म, जाति और पंथ के लोग शामिल हैं।

### मेदिनीनगर में भाजपा का समाहरणालय घेराव सह प्रदर्शन

# झारखंड में चल रही घोटालाबाजों की सरकार : दीपक प्रकाश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड लोक सेवा आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में कथित धांधली एवं प्रश्नपत्र लीक की सीबीआई जांच कराने तथा अपने हक-अधिकार के लिये आवाज उठाने वाले छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर भाजपा ने बुधवार को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मेदिनीनगर में समाहरणालय घेराव सह प्रदर्शन किया। रेड़मा से भाजपा कार्यकताओं ने जुलूस निकाला, जो समाहरणालय के मुख्य द्वार पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में घोटालाबाजों की सरकार चल रही है। बालू, कोयला और टेंडर के बाद अब नौकरी में भी घोटाले के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान, मजदूर और गरीब परिवारों के बच्चे मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। परीक्षा परिणाम आने पर जब मेहनत करने वाले छात्रों का



चयन नहीं होता, तो उनके सामने निराशा की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की व्यवस्था में पैसे के बल पर नौकरी देने का खेल चल रहा है। छात्रों की आवाज को दबने नहीं दिया जायेगा और उनके अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पूरे मामले की सीबीआई जांच होने पर सच्चाई सामने आयेगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा छात्रों के हक और अधिकार की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ेगी। जब तक छात्रों के साथ अन्याय बंद नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सरकार पर सरकारी नौकरियों में अनियमितता का आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये। पलामू जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। श्याम नारायण दुबे ने कहा कि छात्र आंदोलनों का इतिहास गवाह है कि युवाओं की ताकत के सामने बड़ी से बड़ी सरकार को भी पीछे हटना पड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि राज्य में विभिन्न नियुक्तियों में भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अब अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतर चुके हैं और भाजपा उनके साथ मजबूती से खड़ी है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद घूरन राम, मनोज भुईयां, प्रभात भुईयां, लवली गुप्ता, विजय ओझा, अलख दूबे, ज्योति पांडेय, प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, सुनील कुशवाहा, सुजाता सिंह, संध्या सिंह, शुभम तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विपुल गुप्ता और नित्यानंद तिवारी समेत भाजपा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा के प्रदर्शन में गरमाया माहौल, दीपक प्रकाश और एसडीपीओ के बीच हुई बहस



**मेदिनीनगर :** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी तथा छात्र आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को पलामू समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब समाहरणालय में प्रवेश को लेकर सदर एसडीओ राजेश यादव और भाजपा कार्यकताओं के बीच बहस हो गई। बाद में भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौके पर पहुंचे और उनकी एसडीपीओ से तीखी बहस हुई। बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान पलामू सांसद विष्णु दयाल राम सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एसडीपीओ राजेश यादव कार्यालय जाने के लिये समाहरणालय पहुंचे। मुख्य द्वार बंद होने के कारण उन्होंने गेट खुलवाने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर भाजपा कार्यकताओं से उनकी कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख एसडीपीओ दूसरे रास्ते से अपने कार्यालय पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने आरोप लगाया कि पार्टी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन पुलिस का रवैया उचित नहीं रहा। उन्होंने कहा कि लाठी और पुलिस की ताकत के बल पर भाजपा कार्यकताओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि छात्रों के मुद्दे और उनके अधिकार की लड़ाई भाजपा आगे भी मजबूती से जारी रखेगी।

### राष्ट्रीय पोषण माह 2026 की शुरूआत, डीसी ने रवाना किया जागरूकता रथ

# महिला हेल्पलाईन 181 के प्रति महिलजाओं को किया जायेगा जागरूक

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने जिले में बुधवार को 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 का विधिवत शुभारंभ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। पोषण माह के दौरान जिले में पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। डीसी द्वारा रवाना किया गया जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के हाट-बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचेगा। यहां लोगों को संतुलित आहार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता, एनीमिया की रोकथाम और कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया जायेगा।




अभियान के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरियों तथा छह वर्ष तक के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा स्तनपान, छह माह बाद पूरक आहार, बच्चों की वृद्धि की निगरानी, कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके फॉलोअप से संबंधित जानकारी दी जायेगी।पोषण माह के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र लाभार्थियों की पहचान और पंजीकरण पर विशेष जोर रहेगा। प्रशासन का लक्ष्य जिले के सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़कर इसे संतृप्ति स्तर तक पहुंचाना है। आंगनबाड़ी सेविकाएं पात्र महिलाओं को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करेंगी। महिलाओं को उनके अधिकारों और सहायता सेवाओं की जानकारी देने के साथ महिला हेल्पलाईन 181 के प्रति भी जागरूक किया जायेगा। अधिकारियों ने कहा कि पोषण को केवल सरकारी कार्यक्रम न बनाकर जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का रूप देना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अर्चना सिन्हा सहित समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं संबंधित कर्मी मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)